nt>

Title: Regarding Need to open a Central School at Shajapur in Madhya Pradesh – Laid.

12.04-1/2 hrs.

श्री थावरचन्द गेहलोत (शाजापुर): मध्य प्रदेश के शाजापुर जिला मुख्यालय, जो मेरे संसदीय क्षेत्र का मुख्य केन्द्र है, में केन्द्रीय विद्यालय की अति आवश्यकता है। मैं व क्षेत्र की जनता शाजापुर में केन्द्रीय विद्यालय खोलने की लम्बे समय से मांग करते आ रहे हैं। जिला कलैक्टर शाजापुर ने केन्द्रीय विद्यालय के लिए भूमि तथा किले में सात-आठ कमरे भी सुरक्षित करके रखे हैं। शाजापुर में तथा शाजापुर के आसपास 25-25 किलोमीटर के क्षेत्र में रेलवे, डाक-तार विभाग, केन्द्रीय सड़क परि वहन विभाग, दूरसंचार, सूचना एवं प्रसारण विभाग आदि के हजारों केन्द्रीय कर्मचारी और अधिकारी तथा नागरिक केन्द्रीय विद्यालय के अभाव में परेशान हैं। मैं केन्द्रीय ि वद्यालय के लिये दस कमरों के निर्माण हेतु सांसद निधि से 20-25 लाख रूपये भी देने के लिये तैयार हूं। शाजापुर में केन्द्रीय विद्यालय खोलने के लिये आयुक्त केन्द्रीय विद्यालय संगठन तथा मानव संसाधन विभाग द्वारा कार्यवाही भी की जा रही है।

मैं सरकार से मांग करता हूं कि वर्ा 2001-2002 सत्र से शाजापुर में केन्द्रीय विद्यालय खोलने की स्वीकृति प्रदान की जाये। मैं व जिला प्रशासन सहयोग के लिये तत्पर हैं।

* Treated as laid on the Table of the House